# नव भारत

1934 से

भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण




4 सीबीएसई लागू करेगा ओपन बुक परीक्षा



5 बाढ़ विभीषिका झेल रहा उत्तर बिहार



8 रोहित आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे



9 मोबाइल उद्योग 10 साल में 27 गुना बढ़ा

## एक नजर में



### पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा में होंगे शामिल

**संयुक्त राष्ट्र.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले माह संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क जा सकते हैं. संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी स्पीकरों की सूची में उनका नाम शामिल है. महासभा का यह सत्र 23 से 29 सितंबर के बीच आयोजित होगा. कार्यक्रम के अनुसार ब्राजील सत्र की शुरुआत करेगा, जिसके बाद अमेरिका का संबोधन होगा. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को महासभा को संबोधित करेंगे.

### पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र

**नयी दिल्ली.** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग पेंशनभोगियों की पेंशन जारी रखने के लिए नवंबर में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान संचालित करेगा जिसके तहत 1850 से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में शिविर लगाए जायेंगे. पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बुधवार को बताया कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से 1600 जिला तथा उप-मंडल डाकघरों में शिविर आयोजित करेगा.

### बेटिंग ऐप केस में ईडी के सामने पेश हुए सुरेश रैना

**नई दिल्ली.** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और आईपीएल स्टार सुरेश रैना बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दिल्ली स्थित दफ्तर पहुंचे. उन्हें अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए तलब किया गया था. अधिकारियों के अनुसार, रैना से इस ऐप के साथ संबंध, विज्ञापनों में उनकी भूमिका और वित्तीय लेन-देन पर सवाल किए गए. उनके बयान धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज होंगे. जांच एजेंसी का मानना है कि रैना कुछ विज्ञापनों के माध्यम से इस अवैध प्लेटफॉर्म से जुड़े थे, जिनसे लोगों को सट्टेबाजी के लिए प्रोत्साहित किया गया.

### पुरी के जगन्नाथ मंदिर को आतंकियों की धमकी

**पुरी.** ओडिशा के पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर को आतंकवादी हमले की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया. ओड़िया भाषा में लिखे दो धमकी भरे पोस्टर मां बुढ़ी ठाकुराणी मंदिर की दीवार पर चिपके मिले. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. एक पोस्टर में लिखा था - आतंकवादी श्रीमंदिर को ध्वस्त कर देंगे. मुझे बुलाओ, वरना विनाश हो जाएगा. स्थानीय निवासी के अनुसार, दीवार पर कई फोन नंबरों के साथ पीएम मोदी और दिल्ली जैसे शब्द भी लिखे थे.

# पत्रकारिता राजद्रोह नहीं

## आर्टिकल और वीडियो बनाना प्रथम दृष्टया अपराध नहीं : सुको

**नई दिल्ली, 13 अगस्त. सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी पत्रकार का आर्टिकल या वीडियो बनाना प्रथम दृष्टया राजद्रोह नहीं माना जा सकता. जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 'द वायर' के संपादक सिद्धार्थ वरदराजन और 'फाउंडेशन ऑफ इंडिपेंडेंट जर्नलिज्म' के सदस्यों को गिरफ्तारी से बचाते हुए यह टिप्पणी की.**

पीठ ने सवाल उठाया क्या लेख लिखने या समाचार वीडियो तैयार करने के लिए पत्रकारों को मामलों में उलझना चाहिए? क्या इसके लिए गिरफ्तारी जरूरी है? इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि धारा 152 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका जवाबदेही से बचने का बहाना है.

जस्टिस कांत ने इस पर कहा हम पत्रकारों को अलग वर्ग के रूप में नहीं देख रहे, लेकिन क्या कोई लेख वास्तव में देश की



एकता और अखंडता को खतरे में डाल सकता है? यह केवल एक लेख है, न कि अवैध हथियारों की तस्करी. अदालत ने कहा कि यह तय करने के लिए कि धारा 152 लागू होगी या नहीं, हर मामले में तथ्यों के आधार पर जांच जरूरी है. याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नित्या रामकृष्णन ने तर्क दिया कि बीएनएस की धारा 152 दरअसल धारा 124ए (राजद्रोह) का ही परिष्कृत संस्करण है, जिस पर पहले सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने इसके क्रियान्वयन पर रोक लगाई थी. उन्होंने कहा कि भले ही धारा 152 में राजद्रोह शब्द नहीं है, लेकिन प्रावधान का उद्देश्य वही है और इसे पत्रकारों को परेशान करने में तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा है. असम पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर सिद्धार्थ वरदराजन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी.

### नोएडा भूमि मुआवजा घोटाले में जांच के आदेश

उच्चतम न्यायालय ने नोएडा में भूमि अधिग्रहण मुआवजा भुगतान में कथित अनियमितताओं की जांच का निर्देश दिया है. आरोप है कि कई अधिकारियों और कुछ भू-स्वामियों के बीच मिलीभगत से मुआवजा वितरण में गड़बड़ी की गई. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वीरेंद्र सिंह नागर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पूर्व विशेष जांच टीम (एसआईटी) के स्थान पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन अधिकारियों की नई एसआईटी बनाई जाए. अदालत ने यह भी आदेश दिया कि पूर्व पर्यावरणीय प्रभाव आकलन और न्यायालय की हरित पीठ की स्वीकृति के बिना नोएडा में किसी भी परियोजना का विकास न किया जाए.

### जम्मू-कश्मीर राज्य की दर्जा याचिका पर सुनवाई आज

उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की याचिका पर गुरुवार सुनवाई करेगा. मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली एक पीठ इस मामले में हस्तक्षेपकर्ताओं में से एक द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करेगी. अदालत उस याचिका पर सुनवाई करेगी जिसमें केंद्र सरकार द्वारा अदालत को दिए गए आश्वासन के अनुसार, उसे (केंद्र को) दो महीने के भीतर समयबद्ध तरीके से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का निर्देश देने की मांग की गई है.



### राजीव प्रताप रूडी ने जीता कॉन्स्टीट्यूशन क्लब सचिव पद

**नई दिल्ली, 13 अगस्त.** भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के सचिव पद पर एक बार फिर जीत दर्ज की. मंगलवार को हुए चुनाव में उन्हें अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद संजीव बाल्यान से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वे 102 वोटों के अंतर से विजयी रहे. रूडी पिछले 25 वर्षों से इस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. चुनाव में बारह सौ से अधिक सदस्यों वाले क्लब के 707 वोट पड़े, जिनमें 38 पोस्टल बैलेट सभी रूडी के पक्ष में रहे. 682 मत वैध पाए गए. रूडी को कुल 392, जबकि बाल्यान को 290 वोट मिले. यह क्लब के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक मतदान है. मतदान सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चला.




जन मनोरंजन फिल्म शोले के स्वर्ण जयंती वर्ष का जश्न !


## पाक घुसपैठ नाकाम, एक जवान शहीद

**उरी/नई दिल्ली, 13 अगस्त. भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में पाकिस्तान की एक और घिनौनी साजिश को नाकाम कर दिया. पाकिस्तानी सेना और आतंकियों के साझा ऑपरेशन के तहत घुसपैठ की कोशिश की गई, लेकिन सतर्क जवानों ने मोर्चा संभालते हुए योजना को विफल कर दिया.**

मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया, जबकि भारतीय सेना का एक जवान वीरगति को प्राप्त हुआ. सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान 15 अगस्त से पहले किसी बड़े आतंकी हमले की फिराक में था. इसके लिए नियंत्रण रेखा के पास से घुसपैठ की कोशिश की गई, जिसमें पाकिस्तानी रेंजर्स ने आतंकियों को कवर फायर भी दिया. सेना ने जवाबी कार्रवाई कर घुसपैठियों को खदेड़ दिया. इस दौरान दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई, जिसमें एक आतंकी मारा गया और बाकी वापस भागने पर मजबूर हो गए.

# कोई कितना भी पहुंच वाला हो, छोड़ेंगे नहीं

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 अगस्त. राजधानी भोपाल में मछली परिवार के अवैध ड्रग्स कारोबार और लव-जिहाद के मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल पुलिस की पीठ-थपथपाई है. वहीं ड्रग तस्करों सहित दूसरे अपराधियों को भी कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि हमने ढूंढ-ढूंढ कर कार्रवाई की है.**

भोपाल पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की है. कोई कितना भी पहुंच वाला क्यों न हो, कोई भी मास्टरमाइंड हो, हम उसे छोड़ेंगे नहीं, आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी



सीएम ने ड्रग तस्करों सहित अपराधियों को दी कड़ी चेतावनी

ड्रग तस्करों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की : डॉ. यादव

रहेगी. हालांकि मुख्यमंत्री ने किसी का नाम नहीं लिया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को रवींद्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित राज्य स्तरीय वृहद नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने नशे के खिलाफ शपथ दिलाई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख 52 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 339 करोड़ रुपए की पेंशन का सिंगल क्लिक से अंतरण भी कियाइ इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और नशा मुक्ति पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2023-24 के लिए विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार भी वितरित किए.

### सरकार नशे की बीमारी को जड़ से समाप्त करेगी

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा परिवार, समाज और देश की खुशहाली और समृद्धि को कई गुना पीछे ले जाता है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत 5 वर्ष पहले की थी. नशा मुक्त मप्र के संकल्प की सिद्धि के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है. प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानों और बार पर प्रतिबंध लगाया गया है. पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रदेश में नशे से दूरी है जरूरी अभियान का सफल संचालन किया गया.

# बिहार में चार जिलों को ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट

सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट

बैठक में जेपी सेनानियों की पेंशन दोगुना भी शामिल



**पटना, 13 अगस्त. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बिहार कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देने के लिए मुंगेर, सहरसा, मुजफ्फरपुर और भागलपुर में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है.**

इसके लिए OLS सर्वे पर 2 करोड़ 90 लाख 91 हजार 720 रुपये खर्च होंगे. साथ ही गया हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 18.24 एकड़ भूमि अर्जित करने और CAT-1 लाइट लगाने का निर्णय हुआ, जिससे खराब मौसम और धुंध में भी विमानों की लैंडिंग-टेकऑफ संभव होगी. बैठक में कुल 20 प्रस्ताव पारित हुए. इनमें जेपी सेनानियों का पेंशन दोगुना करना भी शामिल है. अब एक से छह माह जेल में रहे सेनानियों को 15,000 रुपये और छह माह से अधिक अवधि जेल में रहे सेनानियों को 30,000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी. पहले यह राशि क्रमशः 7,500 और 15,000 रुपये थी.

# सड़क हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत

राजस्थान के दौसा जिले में वाहन और एक ट्रेलर की आमने-सामने हुई भीषण भिड़ंत

20 से अधिक लोग घायल हुए | 07 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं

**दौसा/जयपुर, 13 अगस्त. राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं. मृतकों में 7 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं.**

हादसा खाटू श्याम मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के वाहन और एक ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर में हुआ. घायलों में कई की हालत गंभीर है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है. जानकारी के अनुसार, दुर्घटना रात करीब साढ़े तीन से



चार बजे के बीच हुई. सभी यात्री उत्तर प्रदेश के एटा जिले के रहने वाले थे और एक पैसेंजर पिकअप में सवार होकर खाटू श्याम जी के दर्शन के बाद लौट रहे थे. इससे पहले, मंगलवार शाम दौसा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे-21 पर एक कार और ट्रॉले की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत हो गई थी. मृतकों में दो सगी बहनें भी शामिल थीं. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह पिचक गई. हादसा शाम करीब 5.30 बजे हुआ था.

### कांग्रेस विधायक सतीश सैल के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी


**बेंगलुरु/नई दिल्ली, 13 अगस्त.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कर्नाटक से कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल और उनसे जुड़े लोगों के परिसरों पर छापेमारी की. यह कार्रवाई अवैध लौह अयस्क निर्यात और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई. अधिकारियों के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कर्नाटक, गोवा और मुंबई में कम से कम 15 स्थानों पर एक साथ यह छापे मारे गए. सतीश कृष्ण सैल उत्तर कन्नड़ जिले की कारवार सीट से कांग्रेस विधायक हैं.

मांगी अतिरिक्त सुरक्षा | नाथूराम गोडसे के वंशज सत्यकी सावरकर ने दर्ज कराई है शिकायत

# राहुल गांधी ने कहा-मेरी जान को खतरा

**पुणे, 13 अगस्त. विनायक दामोदर सावरकर पर टिप्पणी को लेकर चल रहे आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी सुरक्षा को लेकर विशेष चिंता जताई है.**

पुणे की विशेष सांसद-विधायक अदालत ने बुधवार को गांधी के वकील मिलिंद पवार की ओर से दायर याचिका को रिकॉर्ड में लिया. इस याचिका में कहा गया है कि कथित वोट चोरी का पर्दाफाश करने के बाद से गांधी को लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे उनकी



सुरक्षा को गंभीर खतरा है.

वकील पवार ने अदालत को बताया कि भाजपा नेता आरएन बिट्टू ने राहुल गांधी को आतंकवादी करार दिया, जबकि भाजपा के एक अन्य नेता तरविंदर मारवाह ने खुली धमकी देते हुए कहा कि गांधी को अच्छा व्यवहार करना चाहिए, वरना उनका भी अपनी दादी (इंदिरा गांधी) जैसा ही हश्र होगा. राहुल गांधी का आरोप है कि उन्हें दो नेताओं आरएन बिट्टू और तरविंदर मारवाह द्वारा भी सीधे धमकियां दी गई हैं.

इस मानहानि मामले की शिकायत सत्यकी सावरकर ने दर्ज कराई है, जो नाथूराम गोडसे के वंशज हैं. सत्यकी का आरोप है कि गांधी ने अपने भाषणों में सावरकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की. अब राहुल गांधी ने अदालत से अनुरोध किया है कि उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा दी जाए, क्योंकि मौजूदा हालात में उनकी जान को खतरा बढ़ गया है.

### राहुल 17 से बिहार में वोट अधिकार यात्रा करेंगे शुरू

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बिहार में 17 अगस्त से 'वोट अधिकार यात्रा' की शुरुआत करेंगे. यह अभियान मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ होगा, जिसे कांग्रेस और इंडिया गठबंधन लोकतंत्र के लिए खतरा मान रहे हैं.

## गुस्ताखी माफ





